तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम, हल्की वर्षा के बाद तापमान में आई तेज गिरावट 4




बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## पीएम कार्यक्रम के दौरान शहर के इन क्षेत्रों में रहेगा वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस विभाग ने जारी की एडवाइजरी, रूट चार्ट के जरिए कर सकेंगे आवागमन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरगुजा आगमन व पीजी कॉलेज मैदान में होने वाली सभा के मद्देनजर सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात एडवाइजरी जारी की है। 24 अप्रैल को शहर में प्रातः 3 बजे से दोपहर के 3 बजे तक कुछ चिन्हांकित मार्गों पर आम नागरिक आवागमन नहीं कर पाएंगे। ऐसे में लोगों को होने वाली असुविधा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने यह रूटचार्ट जारी किया है। वहीं पार्किंग व्यवस्था के लिए 11 स्थानों का चयन किया गया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को सरगुजा आ रहे है। इस दौरान उनका हेलीकॉप्टर गांधी स्टेडियम में उतरेगा और वे सड़क मार्ग से पीजी कॉलेज मैदान स्थित सभा स्थल तक जाएंगे। शहर एवं अम्बिकापुर से होकर आने-जाने वाली वाहनों के लिए यातायात व्यवस्था सुगम एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके इसके लिए एसपी विजय अग्रवाल द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी जारी की गई है जो प्रातः 3 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रभावी रहेगी। जारी एडवाइजरी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ रोड़, बनारस रोड़ की ओर से आने वाले सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग सांई मंदिर तिराहा, महापौर मार्ग, रावत रेसीडेंसी तिराहा, कन्या परिसर मोड़, कन्या परिसर रोड़ होते हुए गंगापुर मोड़ मासूम अस्पताल के पास रिंग रोड़, बस स्टैण्ड होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाएंगे। गढ़वा रोड़, प्रतापपुर रोड़ की ओर से आने वाले सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड़ का प्रयोग करते हुए प्रतापपुर चौक, लरंगसाय चौक, चांदनी चौक, सद्भावना चौक, भारत माता चौक, बस स्टैंड की ओर से होते हुए अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाएंगे। रायगढ़ रोड़, बिलासपुर रोड़ की ओर से आने वाले सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड़ का प्रयोग करते हुये भारत माता चौक, लरंगसाय चौक, बिलासपुर चौक, बस स्टैण्ड, गंगापुर मोड़ की ओर से होते हुए अपने-अपने गंतव्य स्थान की ओर जाएंगे। आपातकालीन सेवा संबंधी वाहन को अम्बिकापुर शहर आने एवं बाहर जाने के लिए



### इन स्थानों पर होगी पार्किंग व्यवस्था

**पी-1 किसान राईस मिल-** सूरजपुर एवं मनेन्द्रगढ़ मार्ग की ओर से आने वाले सभी आम जनता के वाहन एमजी रोड़ मार्ग का प्रयोग करते हुए रवि मार्बल के बगल से होते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल में जाएंगे। लटोरी की ओर से आने वाले सभी आम जनता के वाहन बनारस रोड़, सांई मंदिर मोड़, महापौर गली होते हुये एमजी रोड़ का प्रयोग करते हुए निर्धारित पार्किंग स्थल की ओर जाएंगे।

**पी-2 राजमोहनी देवी भवन के बगल में-** अम्बिकापुर शहर के गांधी चौक, अंबेडकर चौक एवं अन्य मार्गों की ओर से आने वाले सभी आम जनता के वाहन पीजी कॉलेज के सामने स्थित राजमोहनी देवी भवन के बगल में स्थित मार्ग का प्रयोग करते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल की ओर जाएंगे।

**पी-3 बीटीआई ग्राउण्ड (व्हीआईपी) पार्किंग-** सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़ मार्ग की ओर से आने वाले सभी मंचासीन व्हीआईपी व्यक्तियों के वाहन अंबेडकर चौक होते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल में जाएंगे। लटोरी की ओर से आने वाले सभी मंचासीन व्हीआईपी व्यक्तियों के वाहन बनारस रोड़, सांई मंदिर मोड़, महापौर गली, एमजी रोड़, अंबेडकर चौक होते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल की ओर जाएंगे। अम्बिकापुर, प्रतापपुर, बरियों, रघुनाथपुर, लखनपुर की ओर से आने वाले सभी मंचासीन व्हीआईपी व्यक्तियों के वाहन रिंग रोड़, अंबेडकर चौक होते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल में जाएंगे। यह सुविधा व्हीव्हीआईपी पहुंचने के 2 घण्टे (प्रातः 9 बजे) पूर्व तक के लिए वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा।

**पी-4 सर्कस ग्राउण्ड अधिकारी-कर्मचारियों के लिए-** व्हीव्हीआईपी ड्यूटी में आने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारी अंबेडकर चौक के समीप स्थित सर्कस मैदान में अपने-अपने वाहनों को पार्क करेंगे।

**पी-5 टीसीपीसी के सामने स्थित अतुल दुबे के खाली प्लाट-**सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़ मार्ग की ओर से मंच के सामने बैठने वाले सभी व्हीआईपी व्यक्तियों के वाहन एमजी रोड़ मार्ग का प्रयोग करते हुये रावत रेसीडेंसी, महापौर गली, सुभाषनगर मोड़ अथवा सांई मंदिर मोड़ होते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल में जाएंगे तथा लटोरी, की ओर से आने वाले सभी सभी व्हीआईपी व्यक्तियों के वाहन बनारस रोड़, मिश्रा स्वीट्स के सामने से होते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल की ओर जाएंगे। यह सुविधा व्हीव्हीआईपी पहुंचने के 2 घण्टे (प्रातः 9 बजे) पूर्व तक के लिए वाहनों को प्रवेश दिया जायेगा।

**पी-6 पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान (आम जनता)-** रघुनाथपुर, दरिमा, लखनपुर, एवं शहर के अन्य मार्गो की ओर से आने वाले सभी आम जनता के वाहन भारतमाता चौक, बिलासपुर चौक, बस स्टैण्ड चौक, रिंग रोड़ मार्ग का प्रयोग करते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल में जाएंगे। ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन अवधि में तीन बार कराना होगा व्यय लेखा निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचन अवधि के दौरान अभ्यर्थियों के लेखा निरीक्षण संबंधी समय तय किया गया है। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन अवधि में अभ्यर्थियों के तीन बार लेखा निरीक्षण दिनांक 26 अप्रैल, 1 मई एवं 5 मई को नियत किया गया है। उक्त तिथि को कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे एनेक्स कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 18 व्यय लेखा कलेक्टोरेट परिसर में स्वयं या निर्वाचन एजेंट व्यय दैनंदनी लेखा पुस्तिका एवं किये गये व्यय से संबंधित समस्त बिल या व्हाउचर के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। उक्त तिथि को लेखा मिलान हेतु उपस्थित नहीं होने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 झ के तहत कार्यवाही की जायेगी।

### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

**अंबिकापुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार की उपस्थिति में सोमवार को जिला कलेक्टरेट के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर सहित लोकसभा क्षेत्र 1 सरगुजा हेतु बनाए गए सभी एआरओ एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों के दल गठन की कार्यवाही पूरी की गई।

### अधिकारियों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**अंबिकापुर।** सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार ने सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के साथ लोकसभा निर्वाचन की तैयारी के मद्देनजर पॉलिटेक्निक कॉलेज में तैयार किए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग के चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारियों का अवलोकन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री भोस्कर ने आवश्यक तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। इस दौरान स्ट्रांग रूम, मतदान दल की रवानगी एवं मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री वितरण प्राप्त करना, सीलिंग आदि कार्य किए जाने पर विस्तृत जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सपना मोड़ के समीप बाइक सवार को पीछे से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम सपना दशहरापारा निवासी बंधन राम आ. स्व. अमर साय शनिवार की शाम बाइक से किसी काम के सिलसिले में ग्राम सुखरी जा रहा था। जैसे ही मुख्य मार्ग सपना मोड़ के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार मुकेश ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बंधन राम सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### चार निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में, किया गया चुनाव चिन्ह का आबंटन

## लोकसभा चुनाव में सरगुजा संसदीय सीट से 10 प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- भाजपा-कांग्रेस के साथ बसपा, गोंगपा व अन्य स्थानीय पार्टियां भी लड़ रही चुनाव

लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को नाम निर्देशन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अंतिम समय में दो अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लिए जाने के बाद लोकसभा चुनाव के मैदान में कुल 10 प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए है और इस बार चुनाव में इन दस प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। हालांकि असली मुकाबला राष्ट्रीय पार्टियों कांग्रेस व भाजपा के बीच है लेकिन गोंगपा, भारत आदिवासी पार्ट, अखिल भारतीय परिवार पार्टी, बसपा समेत निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव लड़ रहे है। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन करने के साथ ही प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए 12 अप्रैल को अधिसूचना प्रकाशन के बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई थी। इस दौरान 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म लिया था लेकिन अंतिम दिन तक सिर्फ 13 उम्मीदवारों ने ही अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस व भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों ने शक्तिप्रदर्शन के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 19 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिले का समय समाप्त होने के बाद नामांकन पत्रों की संवीक्षा की गई और संवीक्षा उपरान्त नाम वापसी का सिलसिला जारी रहा। दो नाम वापसी के बाद कुल 10 प्रत्याशी मैदान में शेष बचे है। ऐसे में सरगुजा संसदीय सीट से इस बार दस प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है। इनमें कांग्रेस से शशि सिंह व भाजपा से चिंतामणी महाराज के साथ ही बसपा, गोंगपा, अखिल भारतीय परिवार पार्टी, भारत आदिवासी पार्टी समेत चार निर्दलीय प्रत्याशी शामिल है। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज व कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है और दोनों ही पार्टियों ने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। अब चुनाव चिन्ह का आबंटन होने के बाद दोनों ही पार्टियों के साथ ही अन्य प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार तेज हो जाएगा। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अमित ने अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता के पालन और उल्लंघन होने पर कार्रवाई की भी जानकारी दी। उन्होंने वरी लिस्ट के बारे में बताया जिसके तहत संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हांकित किया जाता है जिससे निर्वाचन में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। इसी तरह व्यय प्रेक्षक श्री शर्मा ने अभ्यर्थियों को व्यय सीमा और व्यय लेखा के संबंध में जानकारी दी।



चुनाव चिन्ह आबंटन करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

### दो प्रत्याशियों ने वापस लिया नाम

नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत स्कूटनी का कार्य पूर्ण होने के बाद नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान राजनैतिक दल स्थानीय दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों को नाम वापसी के लिए मनाते रहे। मान मनौव्वल के दौर शनिवार व रविवार को जारी रहा और इसी का परिणाम है कि सोमवार को अंतिम दिन दो अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस लिए है। लोकसभा चुनाव के लिए कुल 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किया था और इसमें से एक अभ्यर्थी का फार्म स्कूटनी के दौरान ही निरस्त हो गया था ऐसे में कुल 12 प्रत्याशी ही शेष थे। इस बीच आज अंतिम समय में दो अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस लिए है। लोकसभा चुनाव के मैदा से हमर राज पार्टी से फार्म भरने वाले अनुक प्रताप सिंह टेकाम, निर्दलीय प्रत्याशी ब्लासियुस तिग्गा ने अपना नाम वापस लिया है इसके बाद अब चुनाव मैदान में कुल 19 प्रत्याशी ही शेष बचे है।

### ये प्रत्याशी आजमा रहे भाग्य

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| चिंतामणी महाराज | भाजपा | कमल |
| शशि सिंह कोराम | कांग्रेस | हाथ |
| लक्ष्मण सिंह उदय | गोंगपा | आरी |
| संजय कुमार | बसपा | हाथी |
| श्रीमती कांता मिंज | आभा परिवार पार्टी | केतली |
| जेरोम मिंज | भारत आदिवासी पार्टी | हॉकी और बॉल |
| अरविंद कच्छप | निर्दलीय | चारपाई |
| श्रीमती उर्मिला सिंह | निर्दलीय | गन्ना किसान |
| प्रिंस अभिषेक कुजूर | निर्दलीय | सेब |
| रामाधार सिंह | निर्दलीय | गैस सिलेंडर |



एनएच पर धू-धूकर जलता वाहन।

## थार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम/बतौली

- ग्रामीणों ने वाहन को किया आग के हवाले

एनएच 43 मंगारी पेट्रोल पंप के समीप बाइक व थार वाहन में आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना से उग्र हुए ग्रामीणों ने थार वाहन को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है मृतक कुनकुरी निवासी है जो किसी काम के सिलसिले में बाइक से आया था। शाम को घर लौटने लगा और जैसे ही एनएच 43 मंगारी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे थार वाहन क्रमांक सीजी 16 सीआर 3679 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक क्रमांक जेएच 07 एल 7341 सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना को देख बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। आए दिन मार्ग पर हो रही दुर्घटना से लोग काफी आक्रोशित हो गए और थार वाहन को आग के हवाले कर दिया। हैरानी की बात यह है कि घटना के सूचना के बाद भी पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची थी। हालांकि वाहन के आग लगाने की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल में भेज किसी तरह वाहन में लगी आग को बुझाया।

## बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी व बेटी घायल

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवार को बतौली चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी।

दुर्घटना में युवक की मौत हो गई जबकि पत्नी व बेटी घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार झारखंड पलामू अंतर्गत चैनपुर बनखेता निवासी जाहिर अंसारी आ. स्व. तैयब अंसारी (40 वर्ष) गत दिन सीतापुर निवासी रिश्तेदार के यहां शादी पार्टी में शामिल होने पत्नी नाजमा बेगम व 11 वर्षीय बेटी निखत परवीन के साथ सीतापुर निवासी रिश्तेदार के यहां शादी पार्टी में शामिल होने बाइक क्रमांक जेएच 01 सीयू 1305 से आए थे। शादी पार्टी में शामिल होने के बाद तीनों बाइक से घर लौटने लगे। जैसे ही बाइक सवार बतौली चौक के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीएच 9219 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक दंपति सहित बेटी घायल हो गए। घायलों को बतौली अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जाहिर अंसारी की गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान जाहिर अंसारी की मौत हो गई जबकि पत्नी व बेटी का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इधर परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने बोलेरो चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

## अवैध उत्खनन के लिए बनी सुरंग बंद

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के दूरस्थ व वन क्षेत्र में कोयला उत्खनन के लिए अवैध सुरंगों का निर्माण की जानकारी मिलने पर पूरे अमले ने कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक वनमंडल कोरिया परिक्षेत्र, बैकुंठपुर के ग्राम दामुज, पुटा, मुरमा व देवखोल में अवैध कोयला उत्खनन के लिए सुरंग बनाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग, एसईसीएल व पुलिस की संयुक्त टीम गठन कर कार्रवाई की गई और सुरंगों को तत्काल बंद कराया गया। वन मंडलाधिकारी कोरिया श्रीमती प्रभाकर खलखो ने बताया कि विगत चार माह में 24 सुरंगों को बंद करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने ग्रामीणों व आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सुरंग बनाना पूर्णतः खतरनाक है, इससे जानमाल की नुकसान होने आशंका बनी होती है।

## सम्पूर्ण ननि क्षेत्र रहेगा 24 को नो फ्लाइंग जोन

**अम्बिकापुर।** पीएम मोदी की 24 अप्रैल को होने वाली आम सभा को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पीएम की सुरक्षा दृष्टि से 24 अप्रैल को पूरे नगर निगम क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के सरगुजा प्रवास के दौरान विभिन्न सुरक्षा व्यवस्थाओं के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भोस्कर विलास सरगुजा ने बताया कि एसपी विजय अग्रवाल द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री प्रवास को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था की स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण नहीं रखा गया, तो लोक शांति एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। अतएव पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामिली एवं सुने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से यह आदेश पारित किया जा रहा है। कानून व्यवस्था के संबंध में सभी पहलुओं एवं तथ्यों पर विचारोपरांत धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रधानमंत्री के यात्रा के दौरान सुरक्षा को मजबूत करने की दृष्टि से दिनांक 24 अप्रैल को अम्बिकापुर ननि के क्षेत्र को नो फ्लाईंग जोन घोषित किया जाता है, और यूएवी, ड्रोन, गुब्बारे सहित किसी भी प्रकार के विमान उपकरणों की उड़ान पर रोक लगाई जाती है। निगम क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षात्मक दृष्टि से 24 अप्रैल को ड्रोन, गुब्बारे सहित किसी भी रूप में हवाई फोटोग्राफी-विडियोग्राफी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

### 10 आईपीएस, 35 राज पत्रित अधिकारियों समेत 1500 जवानों को किया गया तैनात

## कई लेयर में रहेगी पीएम की सुरक्षा व्यवस्था, गुजरना पड़ेगा कड़ी जांच से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम नरेंद्र मोदी की सभा को लेकर सरगुजा हाई अलर्ट पर है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर जिले व संभाग में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है इसके साथ ही संभाग मुख्यालय में 1500 से अधिक पुलिस जवानों व अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया है। कार्यक्रम स्थल में कई लेयर में सुरक्षा जांच की जाएगी जिसके बाद ही लोगों को सभा स्थल में प्रवेश मिल पाएगी। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तहत 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबिकापुर आ रहे है। पीएम श्री मोदी पीजी कॉलेज मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। पीएम के आगमन को लेकर एसपीजी की टीम पहले ही सरगुजा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल चुकी है। रविवार को आसमान से शहर का जायजा लेने के साथ ही हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग कराई गई। इधर पुलिस विभाग द्वारा अभी से ही शहर व जिलेभर में जवानों को तैनात कर दिया गया है। जिले में पीएम की सुरक्षा के मद्देनजर 10 आईपीएस, 35 पुलिस राजपत्रित अधिकारी, 34 निरीक्षक, 94 उप निरीक्षक, 1300 प्रधान आरक्षक-आरक्षक समेत लगभग 1500 का पुलिस बल को तैनात किया गया है। अधिकारियों के अनुसार सम्पूर्ण कार्यक्रम स्थल एवं अन्य प्रस्तावित आगमन के जगहों को कुल 9 अलग अलग रीजन में विभाजित किया गया हैं व प्रत्येक रीजन में पुलिस राजपत्रित अधिकारी नियुक्त किए गए है। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक की व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनात किया गया है। लगातार पुलिस बल द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन कर सर्चिंग की जा रही हैं। सरगुजा पुलिस द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम एवं आमसभा के दौरान प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की जा रही हैं। सभी प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस बल की प्रभावी उपस्थिति तैनात रहेगी। वहीं आमसभा स्थल पर सरगुजा पुलिस की तगडी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर कड़ी सुरक्षा जांच के पश्चात ही प्रवेश किया जा सकेगा। वीवीआई मार्ग एवं आमनागरिकों का प्रवेश मार्ग अलग अलग रखा गया हैं। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल को तैनात करने से पूर्व आज पीजी कॉलेज स्थित ग्राउंड में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ड्यूटी में तैनात प्रत्येक जवानों एवं अधिकारियों कों विभागीय परिचय पत्र के साथ ही कर्तव्य में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



## पेड़ से टकराया बाइक सवार, गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम रनपुर खुर्द निवासी बबलू सिंह आ. सपन राम (30 वर्ष) शनिवार की दोपहर किसी काम के सिलसिले में ग्राम अखोरा से कुंदी बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार अखोरा पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। घटना को देख ग्राम बदौली के सरपंच ने घायल को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर दूसरे दिन रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को रायपुर ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी घायल की हालत और बिगड़ गई जिस पर परिजन उसे आपात कालीन लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।


A Modern Gurukul
CBSE AFFILIATION NO. 3330030
YUGANTAR
PUBLIC SCHOOL
YUGANTAR
YUGANTAR
Where Knowledge Meets Inspiration
Principal
Dr. Madhu P. Chowdary
M.Sc. (Physics), B.Ed., Ph.D I Exp. 17 Years
GALAXY OF INTELLECTUALS
HOD Sports & P.R.O.
Mr. Dinesh Pratap Singh
B.P.E, M.P.Ed
Teaching Experience : 29.5 years
HOD (Commerce, S.Sc. & Humanities)
Mr. Tarun Ku. Mahapatra
Eco. Honours, M.A. Economics, B.Ed.
Teaching Experience : 24 years
HOD Hindi & Sanskrit
Mr. V. N. Rai
M.A. Hindi, B.Ed.
Teaching Experience : 34 Years
HOD Mathematics
Mr. Lalit Mahobia
M.Sc.(Mathematics), M.Ed.
Teaching Experience : 23 Years
HOD English
Mrs. Kanchan Sohal
M.A. English, B.Ed.
Teaching Experience : 25 Years
HOD Computer Science
Mrs. Avinash Sahu
MCA, MA. English, B.Ed.
Teaching Experience : 19 Years
HOD Science
Mrs. Rinku Rai
M.Sc. Zoology, B.Ed.
Teaching Experience : 26 Years
ADMISSIONS OPEN
PRE-NURSERY TO IX & XI
SESSION 2024-25
उपलब्ध सुविधाएँ
20 एकड़ का हरा-भरा परिसर
स्मार्ट टच बोर्ड से युक्त AC कक्षाएँ
सुसज्जित पुस्तकालय
बच्चों व अभिभावकों की काउंसलिंग हेतु काउंसलर
युगांतर में अटल टिंकरिंग लैब (भारत के टॉप 100 लैब में शामिल)
रोबोटिक, कोडिंग व AI हेतु आधुनिक लैब
कुछ सामान्य गतिविधियों के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं
मेस में पौष्टिक, संतुलित और शाकाहारी भोजन, विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ
कैमरा सर्वेलेंस के साथ AC बसें
Excellence Personified: Redefining Success
3rd Rank in India CBSE 12th BOARD
TANVI BINDAL
C.G. STATE TOPPER CLASS XII
CBSE 99%
1st Rank International CYBER OLYMPIAD
KARTHIK NAIR
SOF CYBER OLYMPIAD
SCIENCE OLYMPIAD FOUNDATION
1st Rank International ENGLISH OLYMPIAD
MANYA PARAKH
SOF ENGLISH OLYMPIAD
SCIENCE OLYMPIAD FOUNDATION
विशेषताएँ
कक्षा XI-XII में विज्ञान, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज़ (आर्ट्स) स्ट्रीम
पर्सनालिटी डेवलपमेंट
कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए नियमित कक्षाएं
प्रतिदिन इवनिंग डाउट क्लीयरिंग और रिवीजन कक्षाएं
लड़कियों और लड़कों के लिए अल्ट्रा मॉडर्न अलग-अलग हॉस्टल सुविधाएँ
इनडोर प्ले स्टेशन : किड्स जोन, राईड, स्वींग, ट्रैम्पोलिन, खेल-खेल में मनोरंजन और सीखना
अलग-अलग स्वीमिंग पूल (जूनियर व सीनियर)
युगांतर स्पोर्ट्स क्लब : बहुबुनियादी इनडोर व आउटडोर खेल सुविधाएँ
UNIQUE FEATURES
TO ENROLL YOUR CHILD
We Focus On
New NEP.
Skill Curriculum.
Experiential Learning.
Multiple Intelligence.
Child Centered Pedagogy.
Holistic Development.
Indian Core Values and Culture.
Integrated Curriculum (NCERT, IIT/NEET Foundation from Class 6th onwards.
Unmatched Safety Measures through CCTV Surveillance.
Day Care and Hostel Facility.
Well Qualified, Experienced & Tech-Savvy Teachers.
Student Teacher Ratio is 20:1
ADVANCE COMPUTER LAB
MATHEMATICS LAB
BIOLOGY LAB
PHYSICS LAB
SPORTS ACTIVITIES
CULTURAL ACTIVITIES
BASKETBALL COURT
CHEMISTRY LAB
YUGANTAR PUBLIC SCHOOL
A DAY BOARDING CUM RESIDENTIAL SCHOOL
9302763200, 9302763100
yugantar.school@gmail.com www.yugantarschool.com
Gram - Parri, G.E. Road, Rajnandgaon (C.G.) 491441

## खबर संक्षेप



### अभाविप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बलरामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभाविप द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जागरूकता रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। इस दौरान अभाविप ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में सभी युवा पीढ़ी और समाज के लोगों को वोट देने का आह्वान करते हुए शतप्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया गया। रथ यात्रा के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान में सबसे पहले मतदान फिर जल-पान के नारे से लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। रथ यात्रा संभाग के बलरामपुर, जशपुर, सीतापुर, कुनकुरी, पत्थलगांव सहित अन्य स्थानों पर जाकर कॉलेज, गली मोहल्लों में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान जिला संयोजक रितिक सिंह, विकास कुशवाहा, आकाश तिवारी, उमेश, अभिषेक आदि मौजूद थे।

### हर्रा टिकरा स्थित खलिहान में रखे पैरावट में लगी आग



**बिश्रामपुर।** खलिहान में रखे पैरावट में अचानक आग लगने से किसान को काफी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ गया। पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग बुझने तक पूरा पैरा जलकर खाक हो गया। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटिकरा ढोंढीपारा निवासी दशरू राम राजवाड़े पिता सोनसाय के खलिहान में रखे पैरावट में रविवार की रात करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक जयनगर थाना प्रभारी स्निग्धा सलामे व फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आग बुझाने प्रयास किया लेकिन तब तक पैरावट जलकर खाक हो गई थी। आगजनी की घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

### युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल आवासीय चोपड़ा कालोनी स्कूल लाइन निवासी नगर पंचायत पलारी के सीएमओ के पुत्र ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि एसईसीएल आवासीय चोपड़ा कालोनी स्कूल लाइन निवासी नगर पंचायत पलारी के सीएमओ जितेंद्र बहादुर पटेल के 21 वर्षीय छोटे पुत्र अमन पटेल ने सोमवार की दोपहर को अपने निवास पर ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवक सोमवार को ही अपने गृहग्राम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से वापस यहां लौटा था। युवक के आत्महत्या करने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले की सूचना पर पुलिस ने युवक के शव को उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में लाकर मरच्युरी में रखवा दिया है। युवक के पिता के देर रात तक यहां पहुंचने उपरांत अग्रिम कार्यवाही की बात कही जा रही है। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने से चोपड़ा कॉलोनी में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

## सुबह शौच के लिए घर से निकली थी महिला

# पोड़िपा में हाथी ने बाहर निकली महिला को पटका, मौके पर मौत



परिजन से चर्चा करती कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।



सहायता राशि देते वन अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

घर के बाहर शौच हेतु निकली महिला को भटककर पहुंचे एक हाथी ने पैर से मारकर फुटबॉल की तरह उछालते हुए कुचल दिया है। घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। वन विभाग द्वारा सोमवार को मृतिका के परिजन को तत्कालिक सहायता राशि का चेक दे दिया है। गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के मंजीरा बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ीपा निवासी 45 वर्षीय ज्योति बाई पति रामाधीन गोंड रविवार की शाम करीब साढ़े सात बजे घर से बाहर शौच हेतु निकली थी। तभी यहां पर भटककर पहुंचे एक हाथी ने महिला को उछालकर जमीन पर पटका और फिर पैर से कुचल दिया, ग्रामीण महिला की मौके पर मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही सूरजपुर रेंजर उमेश वस्त्राकर, बीट प्रभारी देव कुमार राजवाड़े, लटोरी पुलिस तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव के पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कराकर सोमवार को मृतिका के शव का पीएम कराकर शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया गया कि हाथी यहां पर क्षेत्र में पिछले दिनों 8 अप्रैल से ही आसपास के गांवों व जंगल में विचरण कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त हाथी के आतंक से बचाने हेतु विभाग द्वारा 20 अप्रैल को ही यहां दो हाथी को लाकर छोड़ा गया है, लेकिन इसके बाद भी महिला की जान को नहीं बचाया जा सका। हाथी द्वारा महिला को कुचलकर मार देने के बाद गांव में ही पटवारी रमेश सिंह पिता गजराज सिंह के घर में भी तोड़फोड़ किया है। फिलहाल हाथी का लोकेशन मोहनपुर जंगल बताया जा रहा है। जहां पर वन कर्मचारी हाथी पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि उक्त क्षेत्र गन्ना फसल के लिए मशहूर है, जहां पर बलरामपुर व सरगुजा जिला की सरहद होने की वजह से हाथियों का आवागमन बना रहता है। वन विभाग द्वारा सोमवार को मृतिका के परिजन को तत्कालिक सहायता राशि का चेक नायब तहसीलदार ललित शुक्ला की उपस्थिति में दिया गया। ज्ञात हो कि कुछ महीने पूर्व ही हाथी द्वारा कुचलने से कल्याणपुर निवासी एक और महिला की मौत हो गई थी।

**खास बात**

- रविवार शाम में हुई घटना

### कैबिनेट मंत्री भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची

पीड़ित परिवार से मिलने उनके गांव भटगांव विधायक व केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व चिंतामणि महाराज पहुंचे और दुःखद घड़ी में उनका ढांढ़स बंधाया, इस दौरान केबिनेट मंत्री ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम पोड़िपा में एक महिला की हाथी से कुचलने से मौत होने की दुखद सूचना प्राप्त हुई, पीड़ित परिवारजनों से मिलने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी में पहुंचकर इस दुःख की घड़ी में मृतक के परिवार के साथ खड़ी हूं एवं उन तक हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए संबंधित अधिकारियों से भी बात की है, भगवान से मृतक के परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करती हूं।



## सीएमएचओ ने किया पीएचसी चांदो का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

सोमवार को सीएमएचओ डॉ. बसंत कुमार सिंह ने लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चांदो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमएचओ ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया व पूरे परिसर का भ्रमण करते हुए आपातकालीन कक्ष, दवा खाना, वार्ड, टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदस्थ फार्मासिस्ट से दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में व मैदानी स्तर पर पर्याप्त ओआरएस पाऊडर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को देखते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अस्पताल में आये मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी भी ली।

- मुख्यालय में रहकर कार्य करने के निर्देश

### करमपुर में अज्ञात चोरों ने मोटर पंप व केबल किया पार

**बिश्रामपुर।** सेवानिवृत्त कालरी कर्मी हनुमान मंदिर के पुजारी के घर के सामने लगे सबमर्सिबल मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत करमपुर निवासी सेवानिवृत्त कालरी कर्मी 61 वर्षीय प्रार्थी राजेंद्र कुमार दुबे पिता स्व. बालेश्वर जो कि गांव के ही संकट मोचन हनुमान मंदिर के पुजारी हैं, के घर के सामने बोर में लगे हुए सबमर्सिबल पंप से बीती रात दस बजे तक पानी पटाने के बाद बंद कर घर चला गया था। सोमवार की सुबह जब प्रार्थी वहां पहुंचा तब देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा उक्त मोटर पंप व सौ मीटर केबल को चोरी करके साथ ले गए हैं। पुलिस द्वारा प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज करके मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## मवेशी तस्करी करते पकड़े गए चार युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मैनपाट कमलेश्वरपुर पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में चार आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों से 4 नव मवेशी बरामद करने के साथ ही उनपर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति पिकअप वाहन में मवेशियों की तस्करी कर रहे है। सूचना मिलने के टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त पिकअप को पकड़ने के साथ ही चार नग मवेशियों को बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने रायगढ़ जिले के कापू गोढ़ी खुर्द निवासी 24 वर्षीय दिलेश पांडेय, कापू अलोला निवासी 21 वर्षीय टिकेश्वर साहू, 22 वर्षीय पृथ्वीपाल, कापू विजयनगर निवासी 35 वर्षीय मंजीत दास को हिरसत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने मवेशियों की तस्करी करने और झारखंड के बूचड़खाना लेकर जाने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11, छत्तीसगढ़ क्रृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6,10 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर पिकअप जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर अशोक शर्मा, आरक्षक अमित टोप्पो, अर्जुन पैकरा, सूरज राठिया शामिल रहे।

### अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में वाहन जांच में पकड़े 50 शराब



**सूरजपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत जिला निर्वाचन मुख्य अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ के दिशा निर्देश में अंतर राज्य चेक पोस्ट नवाटोला बैरियर चांदनी बिहारपुर में एसएसटी मजिस्ट्रेट धीरेंद्र कुमार जायसवाल व टीम द्वारा आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग लगातार की जा रही है। 21 अप्रैल को लगभग 8.45 बजे एसएसटी मजिस्ट्रेट, प्रभारी अधिकारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल और उनकी टीम एएसआई विदवा राम यादव, आरक्षक अंश कुमार, वीडियोग्राफर सुरविंद यादव द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान तियरा मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ के बिहारपुर क्षेत्र में बारात में जा रहे स्कॉर्पियो की जांच की तो 50 पाव शराब बरामद किया। टीम ने जब्त शराब को आबकारी विभाग और पुलिस विभाग के निगरानी में सुपुर्द कर दिया।

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

P.No.-265/24
उ.प्र.क्र.-9/24

1. श्याम नारायण आ. स्व. मनीनाथ आयु लगभग 72 वर्ष, निवासी ग्राम जमगला, थाना व तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
2. श्रीमती कमला बाई पत्नि श्री श्यामनारायण, आयु लगभग 65 वर्ष निवासी ग्राम जनगला, थाना व तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

-------आवेदकगण

-:प्रति:-

1. श्रीमती प्रियंका सिंह (पत्नी) बेवा स्व. सदानंद सिंह, आयु लगभग 31 वर्ष पेशा शासकीय नौकरी निवासी पुलिस लाईन अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
2. कार्यालय सेनानी, 11वीं बटा. (भा/र) छ.ग. बल जांजगीर-चाम्पा
3. छ.म. शासन द्वारा जिला कलेक्टर सरगुजा अम्बिकापुर

-------

अनावेदकगण

**आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।**

सर्व साधारण आम जनता निवासी ग्राम जमगला, थाना व तह. लखनपुर जिला-सरगुजा छ.ग. एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदगण द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपने पुत्र स्व. सदानंद आ. श्याम नारायण की मृत्यु दिनांक 11/08/2011 सेनानी 11 वीं बटालियन जांजगीर-चांपा में आरक्षक के पद में कार्यरत रहते हुए हो गई जिसके उपरांत 27.08.2012 को बीना आवेदकगण को सूचना दिये स्व. सदानंद के समस्त देव स्वत्वों का भुगतान अनावेदक क्र. 1 मृतक कि पत्नी प्रियंका सिंह के नाम पेंशन एवं उपादन प्रकरण पीपीओ क्र. 23511 एवं जीपीओ क्र. 30739 संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय बिलासपुर द्वारा जारी किया गया है प्राप्त सम्पूर्ण राशि को आवेदकगण को बराबर दिलाए जाने एवं पेंशन की राशि प्रदान करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 10/05/2024 को नियत है।

अतः इस ईस्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. सदानंद सिंह के मृत्यु उपरांत समस्त देव स्वत्वों का भुगतान, पेंशन एवं उपादन प्रकरण पीपीओ क्र0 23511 एवं जीपीओ क्र 30739 संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय बिलासपुर द्वारा जारी किया गया सम्पूर्ण राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को हो तो वह पेशी तिथि 10/05/2024 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदकगण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 15/4/24 को जारी किया गया।

(नरेन्द्र कुमार)
न्या. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01
सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

दिनांक 27 अप्रैल 2024 शनिवार
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA
Consultant - Medical Oncology and Hematooncology
24/7 Emergency Services
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 28 अप्रैल 2024, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी एमडी, डीएम, कार्डियोलोजिस्ट
डॉ. नरेश देवांगन MBBS, MS, MCH, NEURUSURGEON (Brain & Spine Surgery) मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाविक शाह डी.एन.बी (मेडिसिन) डी.एन.बी (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी. - एस.सी.ई (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लेनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता
डॉ. राहुल अहलुवालिया एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जरी
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीपः- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

## जल संसाधन संभाग 2 के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता पर 4 लाख का अर्थदंड

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले में स्टाप डेम व नहर पक्कीकरण कार्य में लापरवाही व अनियमितता को लेकर मनरेगा लोकपाल ने कार्रवाई की है। मनरेगा लोकपाल ने जल संसाधन संभाग 2 के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता पर 4 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है। स्टाप डेम व नहर पक्कीकरण का कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने को लेकर यह कार्रवाई की गई है। आरटीआई कार्यकर्ता व अधिक्वता डीके सोनी ने बताया उनके द्वारा जल संसाधन संभाग के खिलाफ दो शिकायतें की गई थी। बलरामपुर जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मानिकपुर के लघुना नाला में स्टाप डेम निर्माण कार्य,. ग्राम पंचायत गिरवरगंज में कोरिन डुबा नाला पर स्टाप डेम निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत चंदौरा में स्टाप डेम निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत सरगढी स्टाप डेम निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मुरका में सतबहनी नाला में स्टाप डेम निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत चमनपुर में सर्व दहा नाला में स्टाप डेम निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत सरगंवा में पिपरखड़िया नाला में स्टाप डेम निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत कपिलदेवपुर में गोगा नदी में स्टाप डेम निर्माण कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा अंबिकापुर द्वारा वर्ष 2006-07, 2007-08 एवं 2008-09 में प्रशासकीय आदेश दिया गया था। स्टाप डेम का निर्माण कार्य आदेश से 6 माह के अंदर पूर्ण करना था लेकिन मनरेगा नियमों का पालन नहीं किया गया जिसकी शिकायत लोकपाल बलरामपुर के समक्ष किया गया। मनरेगा लोकपाल बलरामपुर के द्वारा दोनों शिकायतों की विधिवत जांच की गई और जांच में कार्यों में भारी अनियमितता पाई गई ऐसे में लोकपाल मनरेगा द्वारा लापरवाही का दोषी पाते हुए तत्कालीन कार्यपालन अभियंता जल संसाधन क्रमांक 2 रामानुजगंज को 25-25 हजार रुपये अर्थदंड से अधिरोपित किया गया इस तरह 8 कार्य का 2 लाख एवं एक अन्य अपील प्रकरण में लोकपाल मनरेगा के द्वारा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत डौरा जलाशय का नहर पक्कीकरण निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत पचावल जलाशय का नहर पक्कीकरण निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत झलपी जलाशय का नहर पक्कीकरण निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत पस्ता जलाशय का नहर पक्कीकरण निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत कपिलदेवपुर गोगा नदी में स्टाप डेम निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत झपरा चनान व्यपवर्तन नहर पक्कीकरण निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मूरका मंदिर रोड में स्टाप डेम सह पुलिया निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत मूरका खैरानाला में स्टाप डेम सह पुलिया निर्माण कार्य राष्ट्रीय निर्माण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा अंबिकापुर द्वारा 2006-07, 2007-08 एवं 2008-09में प्रशासकीय आदेश दिया गया था। उक्त कार्य भी कार्य आदेश से 6 माह के अंदर पूर्ण करना था। इन 8 कार्य का 2 लाख का अर्थदंड जुर्माना राशि वसूल करने की अनुशंसा की गई। इस प्रकार दोनों प्रकरणों में कुल 4 लाख रुपए का अर्थदंड तत्कालीन कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 रामानुजगंज एवं कार्य में संलग्न अधिकारियों के विरूद्ध किया गया है।

- स्टाम डेम, नहर पक्कीकरण कार्य में लापरवाही, मनरेगा लोकपाल ने दी सजा

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज 25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S. , M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरूवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
NIELIT AISECT TEPL CSC

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

22 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 4/22/2024 10:13 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### अखंड रामायण पाठ के साथ हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरू

**बिश्रामपुर।** नगर के बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव आज 23 अप्रैल मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर 22 अप्रैल सोमवार को मंदिर श्री अखंड रामायण पाठ प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया गया, जिसकी आज 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर पूर्णाहुति होगी। यहां पर आज 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान जी का सहस्त्रार्चन पूजन, अभिषेक के अलावे विविध अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। दोपहर में हवन, आरती के बाद प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शाम को महाआरती के बाद बजरंग बली को लड्डू का भोग लगाया जाएगा। इसी तरह आरटीआई कालोनी में स्थित हनुमान मंदिर में भी प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है।

### नवपदस्थ व्यवहार न्यायाधीश का अधिक्वता संघ ने किया स्वागत



**राजपुर।** अधिवक्ता संघ द्वारा व्यवहार न्यायालय के नवपदस्थ व्यवहार न्यायाधीश आलोक पांडेय के स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष जय गोपाल अग्रवाल कहा कि अधिवक्ता न्यायालय के धुरी के समान है जिनके बगैर न्याय दान की कल्पना नहीं की जा सकती। राजपुर न्यायालय में उच्च न्यायालय ने पांचवें न्यायाधीश के रूप में आलोक पांडेय की पदस्थापना की है। आने वाले समय में क्षेत्र के लोगों के लिए न्याय दान की प्रक्रिया में और तेजी आएगी। न्यायाधीश श्री पांडेय कहा कि सबके सहयोग से मामलों के निपटारे में तेजी लाने के साथ-साथ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान रहेगा। इस स्तर पर काम करने में तमाम विषमताओं के साथ काम करना पड़ता है इन सबसे ऊपर उठकर संघ के अधिवक्ताओं के सहयोग से बेहतर कार्य करने की पूरी कोशिश होगी। कार्यक्रम को संघ के अधिवक्ता उमेश झा, अशोक बेक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संघ के सचिव सुनील सिंह ने किया। इस दौरान अधिवक्ता विपिन जायसवाल, रामनारायण जायसवाल, संजय पांडेय, शंकर अग्रवाल, सुनील चौबे, वीरेंद्र जायसवाल व अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

### रेल डिब्बे में कोयला लोड करते पलटा बुलडोजर चपेट में आने से ट्राला वाहन क्षतिग्रस्त



**सलका/अघिना।** कोयला खदान में रेल डिब्बे में बुलडोजर से कोयला लोड करते समय बुलडोजर पलट गई। इस दौरान कोयला लोड ट्राला बुलडोजर की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया। हैरानी की बात यह है रेल डिब्बे में कोयला लोड करने के दौरान कोयला लोड ट्राला को खाली करने की अनुमति नहीं है। आज दोपहर में साइडिंग में रेलवे रैक को लोड करते वक्त एक बुलडोजर पलट गई जिससे कोयला लोड ट्राला चपेट में आने से ट्राला की इंजन क्षतिग्रस्त हो गई। सूत्रों के अनुसार रेलवे रैक में जब लोडिंग का कार्य बुलडोजर से जारी होता है तो ट्रांसपोर्ट की कोई भी गाड़िया लोड लेकर उसके लोडिंग एरिया में जा नहीं सकती।

## निधन

### शिशु रंजन भट्टाचार्य



**अंबिकापुर।** शहर के जोड़ा पीपल रोड निवासी प्रतिष्ठित व्यक्ति तथा सेवानिवृत्त जिला निर्वाचन पर्यवेक्षक शिशु रंजन भट्टाचार्य का 21 अप्रैल की प्रातः 4.30 बजे निधन हो गया। वे 94 वर्ष के थे और अपने निवास स्थान में ही उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। स्व. श्री भट्टाचार्य अपने पीछे तीन पुत्रों और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनका अंतिम संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र आशीष भट्टाचार्य ने दी।

## दिन का तापमान 39.4 डिग्री से गिरकर पहुंचा 25.5 डिग्री सेल्सियस

# विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम, हल्की वर्षा के बाद तापमान में आई तेज गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार को मौसम में तेज बदलाव हुआ। आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज हवा के साथ शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में वर्षा हुई। अचानक हुई बेमौसम वर्षा से गर्मी से राहत मिलने के साथ ही अचानक मौसम बदल गया है। मौसम विज्ञानी रात में भी कहीं-कहीं वर्षा होने का अनुमान लगा रहे है। अप्रैल महीने के शुरूआत से ही मौसम में उलटफेर का खेल चल रहा है। विक्षोभ के प्रभाव से कभी वर्षा हो रही है तो कभी भीषण गर्मी पड़ रही है। रविवार तक सूरज आसमान से आग बरसा रहा था तथा दिन का तापमान बढ़कर 40.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। पड़ोसी राज्य उड़ीसा एवं मध्यप्रदेश में गर्म हवा के थपेड़े चलने के कारण गर्मी में और अधिक वृद्धि होने की संभावना पर लोग परेशान थे कि रविवार की रात विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ बूंदाबादी हुई तथा सोमवार की सुबह शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा वहीं बतौली विकासखण्ड में अच्छी वर्षा हुई। बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण सोमवार को सूरज के भी दर्शन नहीं हुए। मौसम विज्ञानियों के अनुसार समुद्रतल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में प्रभावी है। बांग्लादेश एवं उसके निकटवर्ती क्षेत्रों में 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना है जिससे जुड़कर उत्तर-पूर्व बांग्लादेश से उत्तरी बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर एक द्रोणिका प्रभावी है। असाम एवं उसके पड़ोसी क्षेत्र के ऊपर 3.1 किमी की ऊंचाई पर अन्य चक्रवाती परिसंचरण तथा विदर्भ से तेलंगाना रायलसीमा होते हुए तमिलनाडु तक द्रोणिका, मन्नार की खाड़ी के ऊपर 0.9 किमी की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण के सक्रिय होने के कारण विभिन्न दिशाओं से पर्याप्त नमी पहुंच रही है। ऐसे में लगातार 3 दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने एंव तेज अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं वर्षा एवं वज्रपात होने की संभावना है।

**खास बात**

- भीषण गर्मी से मिली राहत, 3 दिन प्रभावित रहेगा मौसम



बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

### 11 डिग्री गिरा दिन का तापमान

मौसम में आए बदलाव एवं बेमौसम बारिश से सोमवार को दिन के तापमान में 11.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इसके पूर्व शुक्रवार को दिन का तापमान 40.5 डिग्री एवं रविवार को 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया था। सोमवार को हुई हल्की बारिश के बाद दिन का तापमान गिरकर 28.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। दिन के तापमान में हुई तेज गिरावट के बाद गर्मी पूरी तरह से खत्म हो गई है तथा खुले में बाइक से सफर करने पर ठंड लग रही है। सोमवार को रात का तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। बारिश होने के बाद दिन एवं रात के तापमान में अंतर घटकर 5.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण रात के तापमान में भी गिरावट होनेका अनुमान है।

### अप्रैल में रहेगी गर्मी से राहत

उत्तर भारत में 19 अप्रैल को सक्रिय विक्षोभ के प्रभाव से वर्तमान में तेज मौसमी बदलाव आया है। सोमवार को सुदुर उत्तर भारत में एक नया विक्षोभ सक्रिय हुआ है जिसके वर्तमान विक्षोभ में समाहित होने का अनुमान है वर्तमान में निर्मित अनुकूल परिस्थितियों के कारण विक्षोभ के आगामी 3-4 दिनों तक प्रभावी रहने की संभावना है। इधर 26 अप्रैल को उत्तर भारत में एक नया पछुआ विक्षोभ के दस्तक देने एवं उसका प्रभाव दो दिनों बाद उत्तर-छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। ऐसे में अप्रैल के अंत तक मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने तथा तापमान में अत्याधिक वृद्धि होने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानी अप्रैल महीने के अंत तक तापमान के सामान्य रहने एवं गर्मी से राहत रहने का अनुमान लगा रहे हैं।



## युवकों ने की बैल की हत्या, पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

पालतू बैल की हत्या के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि ग्राम बेलगांव गोहड़ीपारा निवासी 29 वर्षीय दुर्गा प्रसाद यादव का पालतू बैल अचानक गायब हो गया। दुर्गा यादव अपने बैल की तलाश में निकला था इस दौरान जब वह प्राइमरी स्कूल बेलगांव के पीछे पहुंचा तो अंधेरे में बेलगांव चियापारा निवासी दिनेश एक्का अपने साथियों के साथ उसके बैल की क्रूरतापूर्वक हत्या कर रहा था। बैल की हत्या करता देख युवक डर गया और भागते हुए गांव आकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो दिनेश अपने साथियों के साथ मांस का बटवारा कर रहा था व लोगों के पहुंचते ही आरोपी भाग निकले। ऐसे में उन्होंने तत्काल 112 को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके से बैल के अवशेष बरामद किए। इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश भड़क उठा। मवेशी मालिक ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले में धारा 429 समेत छत्तीसगढ़ पशु परीक्षण अधिनियम की धारा 4,5,10 के तहत अपराध दर्ज कर मुख्य आरोपी दिनेश एक्का को गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ ही अन्य आरोपी की तलश जारी है। इससंबंध में थाना प्रभारी भरतलाल साहू ने बताया कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य की तलाश जारी है।

### आरपीएफ इंस्पेक्टरों का तबादला

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रबंधन ने आधा दर्जन से अधिक आरपीएफ निरीक्षकों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है।रविवार को जारी तबादला आदेश में मनेन्द्रगढ़ रेल थाना प्रभारी सुनीता मिंज का तबादला आरपीएफ पोस्ट अम्बिकापुर कर दिया गया है।तबादले से प्रभावित हुए अन्य अधिकारियों में मधुबाला पात्रा सीआइबी रायपुर से आरपीएफ पोस्ट अनूपपुर,भारत कुमार चौधरी को आरपीएफ पोस्ट मनेन्द्रगढ़, राजेश वर्मा आरपीएफ पोस्ट रायगढ़ से आरपीएफ पोस्ट बिलासपुर,प्रेमचंद शर्मा आरपीएफ पोस्ट नागभीर से आरपीएफ पोस्ट पेंड्रारोड, सतीश कुमार आरपीएफ पोस्ट नैनपुर से आरपीएफ पोस्ट कोरबा,कुलदीप कुमार चांपा से आरपीएफ पोस्ट रायगढ़,पुरुषोत्तम तिवारी को आरपीएफ पोस्ट ब्रिजराजनगर से आरपीएफ पोस्ट चापा स्थानांतरित किया गया है।उक्त आदेश महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर के हस्ताक्षर से जारी हुआ है, इसमें उल्लेख किया है कि सबंधित निरीक्षक अपने पदस्थापना स्थलों में कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, जिस आधार पर उन्हें दूसरे क्षेत्रों में कार्य का अवसर दिया गया है।

# बस का इंतजार कर रही महिला को वाहन ने मारी टक्कर, मां की मौत, भतीजी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिखी स्थित नुनेरा मोड़ पर बस का इंतजार कर रही मां बेटी को तेज रफ्तार ईको वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटनाकारी वाहन चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। ग्राम जुड़वानी नवापार निवासी सुखमनिया पति सुखदेव (34वर्ष) कुछ दिनों पूर्व अपनी भतीजी उषा पिता कुंभ प्रसाद (18वर्ष) के साथ अपने रिश्तेदार के घर ग्राम नमना व नुनेरा गई थी तथा सोमवार को अपने घर वापस लौटने ग्राम रिखी स्थित नुनेरा मोड़ पर सड़क किनारे पीपल पेड़ की छाया में खड़े होकर बस पहुंचने का इंतजार कर रही थी। इस दौरान ग्राम रिखी से नुनेरा जा रहे तेज रफ्तार ईको वाहन क्रमांक सीजी 15 डीए 5760 के चालक ने लापरवाही पूर्वक विपरीत दिशा से आकर सड़क किनारे खड़ी सुखमनिया को अपनी चपेट में लेने के साथ ही उषा को टक्कर मार पीपल पेड़ से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सुखमनिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना में वाहन चालक को भी गंभीर चोटें आई है तथा उसका पैर फ्रैक्चर हो गया है। तेज रफ्तार वाहन को पलटते देख आसपास में उपस्थित लोग घटनास्थल पर पहुंच गए तथा चालक को वाहन से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। किसी ने भी सड़क किनारे तड़पती उषा व मृत सुखमनिया पर ध्यान नहीं दिया। सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची तथा सड़क किनारे पड़ी महिला व बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाई जहां चिकित्सकों ने सुखमनिया को मृत घोषित कर दिया तथा घायल उषा का उपचार प्रारम्भ किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया।

- ग्राम रिखी में नुनेरा मोड़ पर हुई दुर्घटना



दुर्घटनाग्रस्त क्षतिग्रस्त वाहन।

### ट्रैक्टर से शव ले गए परिजन

दुर्घटना में सुखमनिया की मौत होने की सूचना पर मृतिका के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। पीएम उपरांत परिजन एक घंटे तक अस्पताल का शव वाहन पहुंचने का इंतजार करते रहे। लम्बे इंतजार के बाद शव वाहन नहीं पहुंचा तो परिजन थक हारकर ट्रैक्टर से महिला का शव लेकर गांव के लिए रवाना हुए। बताया जा रहा है कि मृतिका का पति नशेड़ी है तथा लम्बे समय से गांव में ही अन्यत्र रहता है तथा कभी घर नहीं आता। सुखमनियां की तीन बेटियां हैं जो कक्षा 12वीं, 10वीं, एवं 8वीं में पढ़ाई करती हैं। दुर्घटना में मां की मौत होने के बाद तीनों बेटियां अनाथ हो गई है।

## ट्रक से टकराकर युवक की मौत अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत के मामले में बलरामपुर कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पचावल ढोड़ीकोना निवासी 30 वर्षीय प्रभ राम आ. जेंगा कोड़ाकु 17 अप्रैल को गांव के मुनवा नामक युवक के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 7024 से ग्राम सेंदुर गया था। वापस घर लौटने के दौरान बलरामपुर डीएफओ बंगला के सामने एक अज्ञात ट्रक बेतरतीब ढंग से खड़ा था और ट्रक में पार्किंग सिग्नल नहीं जल रहा था। अंधेरा होने के कारण बाइक सवार ट्रक से टकरा गए जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल युवको उपचार के लिए बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से 19 अप्रैल को डॉक्टर ने युवक को रिफर कर दिया। रिफर किए जाने पर परिजन युवक को लेकर बाहर ले जाने की तैयारी करने घर चले गए। इसी दौरान देर रात 10 बजे मौत हो गई। युवक की मौत के बाद 19 अप्रैल को परिजन उसका कफ़न दफन करने के लिए श्मशान घाट ले गए थे लेकिन बाद में किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया और मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही थी। जांच उपरान्त पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।




## कार की टक्कर से युवक घायल अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** टाटा मैजिक वाहन खड़ा कर सड़क पार कर रहे युवक को कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल हुए युवक ने अस्पताल में उपचार कराने के बाद घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम आदर्श नगर निवासी अजीत पोददार आ. स्व. उमेश प्रसाद पोददार अपनी टाटा मैजिक वाहन में सामान ढोने का काम करता है। 14 अप्रैल की शाम शहर से काम कर वापस घर जा रहा था। जैसे ही अजिरमा बुधवारी बाजार के समीप पहुंचा तभी चाय पीने के लिए वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर सड़क पार करने लगा। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 15 बी 5713 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## पेज 1 के शेष...

### इन स्थानों पर होगी...

**पी-7 आईटीआई मैदान (आम जनता)**- रघुनाथपुर, दरिमा, लखनपुर, एवं शहर के अन्य मार्गों की ओर से आने वाले सभी आम जनता के वाहन भारतमाता चौक, रिंग रोड़ मार्ग, गांधी चौक का प्रयोग करते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल में जाएंगे।
**पी-8 नवापारा चर्च मैदान एवं पी-9 सेंट जेवियर स्कूल मैदान**- प्रतापपुर रोड़, बरियों, की ओर से आने वाले सभी आम जनता के वाहन शंकर घाट तिराहा, सरगंवा पैलेस रोड़, गोधनपुर, तेईस एकड़ मार्ग होते हुये तथा प्रतापुर चौक, रिंग रोड़, मिशन चौक, उड़िया पंडित के घर सामने स्थित नवापारा तिराहा मार्ग का प्रयोग करते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल में जाएंगे।
**पी-10 कलाकेन्द्र मैदान**- व्हीव्हीआईपी हेतु लाईन ऑफ रिसेप्सन में आने वाले सभी व्हीआईपी व्यक्तियों के वाहन एमजी रोड़, अंबेडकर चौक, गांधी चौक, रिंग रोड, महामाया चौक, घड़ी चौक तथा शहर के अन्य मार्गों का प्रयोग करते हुये निर्धारित पार्किंग स्थल में जाएंगे। इसी प्रकार कलाकेन्द्र मैदान पार्किंग स्थल में अम्बिकापुर शहर की ओर से आने वाले सभी आम जनता घड़ी चौक स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल में अपने-अपने वाहन खड़ी करेंगें।
**पी-11 पीजी कॉलेज मेन गेंट अंदर पार्किंग स्थल**- व्हीव्हीआईपी ड्यूटी में आने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया संस्थान के सदस्य अंबेडकर चौक, एमजी रोड़ स्थित पीजी कॉलेज मेन गेट के अंदर में अपने-अपने वाहनों को खड़ी करेंगें।




## 40 हजार रुपए के गांजा समेत युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ा है। पुलिस ने युवक के पास से 2 किलोग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि खैरबार रोड में रफीक खान नामक युवक गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा खैरबार में घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली गई तो युवक के पास मौजूद पिट्ठू बैग से 2 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान तकिया रोड निवासी रफीक खान के रूप में की गई। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी रफीक खान को धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, एसआई सुभाष मिंज, आरक्षक सचितानंद कुजूर, राजेंद्र गढ़ेवाल, विजेंद्र कुजूर, अलोक गुप्ता, शिव राजवाड़े, मंटू गुप्ता, शिवमंगल सिंह शामिल रहे।







